## खबर संक्षेप

### रानी दुर्गावती शा. स्ना. महाविद्यालय, मण्डला में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**मण्डला।** रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में दिनांक 22 अप्रैल 2024 को विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. विजेन्द्र चौरसिया ने महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों से आग्रह किया कि माँ पृथ्वी की हरित चुनरी का आकार बढ़ाने के लिए पौधारोपण करें एवं पौधो का पालन पोषण कर उन्हें वृक्ष बनाये। इस कार्यक्रम का संयोजन सुश्री रंजीता कमलेष द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. जे.पी. शिववंशी, सुश्री मनीषा सूर्या, श्रीमती मीनाक्षी मरकाम उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

### अ.ज.जा. एवं अ.जा. की पोस्ट मैट्रिक व आवास छात्रवृत्ति के ऑन लाईन आवेदन विद्यार्थी तुरन्त करें

**मण्डला।** रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में अध्ययनरत अनसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति की पोस्ट मैट्रिक व आवास छात्रवृत्ति के ऑन लाईन आवेदन विद्यार्थियों ने नही किये है। अतः ऐसे समस्त विद्यार्थी तुरन्त ऑन लाईन आवेदन कर महाविद्यालय में आवेदन पत्र जमा करना सुनिश्चित करें।

### विश्व टीकाकरण सप्ताह का आयोजन 24 से 30 अप्रैल तक

**मण्डला।** विश्व टीकाकरण सप्ताह का आयोजन तीन चरणों में किया जाना है जिसका प्रथम चरण 24 से 30 अप्रैल 2024 तक आयोजित किया जाएगा। विश्व टीकाकरण सप्ताह के अंतर्गत गतिविधि दिवसवार संचालित की जायेंगी। एच.एम.आई.एस. रिपोर्ट तथा यूविन पोर्टल पर उपलब्ध ओवरड्यू लिस्ट के आधार पर एम.आर.1 एवं एम.आर.2 के छूटे हुए समस्त बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा। समस्त डिलेवरी प्वाइंट पर जन्मे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का पंजीयन यूविन पोर्टल पर सुनिश्चित किया जायेगा। एच.एम.आई.एस. रिपोर्ट के आधार पर 80 प्रतिशत से कम एफआईसी कवरेज वाले उपस्वास्थ्य केंद्रों के ग्राम एवं शहरी क्षेत्र के वार्ड में 24 एवं 25 अप्रैल 2024 को विशेष सत्र आयोजित कर 0 से 5 वर्ष तक के ड्रॉपआउट, लेफ्टआउट बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा। माह अंत में आयोजित आंगनबाड़ी-आशा, सेक्टर मीटिंग के दौरान टीकाकरण, एम.आर. निर्मूलन से संबंधित एफ.ए.क्यू. के माध्यम से जानकारी प्रदाय की जायेगी।

---

**सूर्यकुण्ड धाम सहित पूरे जिले में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव**

# जय श्री राम से गुंजायमान नगर

*** ब्रम्ह मुहुर्त से प्रारंभ हुई पूजा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

प्रसिद्ध धाम सूर्यकुण्ड हनुमान मंदिर में श्री हनुमान लला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां श्री श्री 1008 ब्रम्हलीन भारती जी महाराज मुख्य संचालक समिति ब्रम्हमूर्हत आरती सेवादार के द्वारा मंगलवार की प्रातः 3:45 ब्रम्हमूर्हत में हनुमान लला को विधि विधान से पूजन पाठ करते हुए चोला अर्पण किया गया। साथ ही मंदिर में उपस्थित सभी भक्तों के द्वारा स्पर्श वंदन लगाने का सौभाग्य मिला। मंदिर में आने वाले सभी भक्तों के चरण धुलाए गए और तिलक वंदन करते हुए पुष्पवर्षा के साथ अंग वस्त्र भेंट किया गया। आरती के बाद हनुमान लला को अनेक प्रकार के भोग लगाए गए यहां पर भक्तों में एक अलग तरह का उत्साह दिखा। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान लला के मंदिर को अनोखे तरीके से साज सज्जा की गई। हनुमान जन्मोत्सव पर यहां पर सुबह पहर से लेकर देर रात तक भक्तों का आना जाना लगा रहा जहां पर भंडारा प्रसादी वितरण का कार्य भी किया गया। बता दें कि जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर में स्थित सकवाह ग्राम है जहां हनुमान लला अपने भक्तों को तीन स्वरूप में दर्शन देते हैं। जिसमें पहला बाल रूप, युवारूप और वृद्धरूप में हनुमान लला अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। मान्यता है कि यहां से कभी कोई निराश होकर नही लौंटा यू तो रोजाना सैकड़ो की संख्या में लोग यहां दर्शन करने आते हैं लेकिन शनिवार और मंगलवार को यहां पर खासी भीड़ देखी जाती है। पुरूष ही नही महिलाएं भी यहां पर दर्शन करने आती हैं।





### भुआबिछिया में उत्साह से मनाई गई श्री हनुमान जयंती

कल सम्पूर्ण नगर सहित आस पास के ग्रामों में पवन पुत्र केसरी नंदन राम दूत हनुमान जी का जन्मोत्सव हर्ष उल्लास से मनाया गया, नगर के सभी राम मंदिर हनुमान मंदिर में सुबह से ही पूजा आराधना हनुमान चालीसा पाठ, सुन्दर काण्ड का पाठ हवन पुजन किया गया। राम मंदिर भुआ हनुमान मंदिर में सुबह से दोपहर बाद तक पुजन हवन किया गया और साम को 5 बेज से महिला मंडल राम मंदिर के द्वारा सामूहिक सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया, बस स्टैंड स्थिति दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सुबह पूजन हवन अनुष्ठान के बाद दिन में प्रसाद वितरण शाम को राम धुन का अयोजन कर भंडारा किया गया, श्री बट पीपल संकटमोचन हनुमान मंदिर बियर हाउस में श्री हनुमानजी का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रात्रि बारह बजे हलुआ मगजका भोग लगाकर केक का काटकर हनुमान बब्बा का जन्म दिन मनाया गया सुबह पुरोहित पंजू महाराज पुरुषोत्तम शुक्ला के मंत्रों पचार से हवन पुजन जजमान संतोष चौरसिया दारा पूजन हवन कर महाप्रसाद वितरण किया गया दोपहर में महिला मण्डल दारा भजन कीर्तन किया गया संध्या काल में श्री हनुमान जी की महाआरती सम्पन्न हुई। इसी तरह जांतीपुर हनुमान मंदिर में मन्दिर समिती द्वारा अयोजित कार्यक्रम कीए गए, नगर के मध्य तिराहे मे स्थापित हनुमान मंदिर में व्यापारियों के द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया।

राष्ट्रीय राज मार्ग ऐन एच 30 बिछिया मंडला मार्ग पर सिद्ध हनुमान नाला मंदिर में लगातर पुजन पाठ हवन किया ज रहा है अखंड रामायण पाठ चालीसा पाठ किया जा रहा है, इस तरह नगर मै हनुमान जयंती पर सभी जगह धूम मची हुई है।

श्रीराम भक्त वीर हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया द्वारा गांधी गेट के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त श्रद्धालुजन, धर्म प्रेमियों प्रशाद गृहण किया।







# 24 घंटे में तीन स्वरूप बदलते श्री हनुमान

*** ग्राम सकवाह के नर्मदा तट पर स्थित है सूर्यकुण्ड धाम।**

रिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिला मुख्यालय से करीब तीन किमी दूर ग्राम सकवाह के सूर्य कुण्ड धाम में दक्षिण मुखी हनुमान जी स्थापित है। यहां नर्मदा तट में स्थित सूर्यकुंड धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का तांता प्रतिदिन लगा रहता है। दूर-दूर से भक्त हनुमान जी के दर्शन के लिए पहुंचते है। पूरे वर्ष भर सूर्यकुण्ड धाम में विविध धार्मिक आयोजन किए जाते है। सूर्यकुण्ड ग्राम सकवाह का एक छोटा सा मोहल्ला है, जहां आधा सैकड़ा से भी कम परिवार निवास करते है। वहीं ग्राम सकवाह के इस छोटे से क्षेत्र में स्थापित श्रीराम भक्त हनुमान की प्राचीन प्रतिमा विश्व विख्यात है।

जानकारी अनुसार मंडला से करीब तीन किमी दूर ग्राम सकवाह में श्रृद्धा और भक्ति का एक प्राचीन हनुमान मंदिर लोगों की आस्था का केन्द्र है, जिसे सूर्यकुण्ड के नाम से जाना जाता है। यहां पर हनुमान जी का एक प्राचीन मंदिर है। मंदिर में प्रतिष्ठित हनुमान जी की प्रतिमा के त्वचा का रंग अत्यंत ही दुर्लभ पत्थर से निर्मित है और उनकी आदमकद प्रतिमा रामायणकाल की घटनाओं का विवरण देती है। हनुमानजी का चेहरा आकर्षण और तेज लिए हुए है, जिससे दिव्यता और असीम शांति का अनुभव होता है। मंदिर में विराजमान हनुमान जी की इस दुर्लभ मूर्ति की खासियत यह है कि ये चौबीस घंटो में प्राकृतिक रूप से तीन बार अपना स्वरूप बदलती है।

पुजारी कुंज बिहारी उपाध्याय ने बताया कि यहां स्थापित हनुमान मंदिर की प्राचीन प्रतिमा 24 घंटे में 3 बार अपना स्वरुप बदलती है। सुबह



04 बजे से 10 बजे तक बाल स्वरुप, इसके बाद 10 बजे से शाम 06 बजे तक युवा स्वरुप इसके बाद शाम 06 बजे से पूरी रात वृद्ध स्वरुप में हनुमान जी नजर आते है। इनके दर्शन करने दूर-दूर से लोग आते है। आये दिन समितियों द्वारा यहां विविध धार्मिक आयोजन किए जाते है। वर्ष में दो बार हनुमान जयंती के साथ ही नर्मदा जन्मोत्सव, महाशिवरात्री, मकर संक्राति समेत अन्य पर्व धूमधाम से मनाया जाता है।

### बाढ़ में गुम हो गया सूर्य कुंड :

बताया जाता है कि 1926 के पहले यहां नर्मदा तट में एक कुंड स्थापित था, जिसे सूर्य कुंड के नाम से जाना जाता है। नर्मदा पुराण में भी नर्मदा के किनारे स्थापित चार कुंडों में से इस सूर्यकुंड को बताया गया है। कहा जाता है कि उक्त कुंड में भगवान सूर्य ने यज्ञ किया था। वहीं कुंड के पानी में दोपहर को भवन सूर्य की परछाई घोड़े व रथ के साथ दिखाई देती थी। सन 1926 में नर्मदा में आई बाढ़ में कुंड में कापू जम गई। जिसकी दिल्ली से पहुंचे भू सर्वेक्षण टीम द्वारा भी काफी तालाश की गई। लेकिन पता नहीं चला। धार्मिक मान्यताओं के चलते यहां श्रद्धालुओं का जमघट लगा रहता है।

---

# पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें-डॉ. सिडाना

*** समय सीमा बैठक में कलेक्टर के निर्देश।**

रिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि पेयजल के संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करें तथा पेयजल के संबंध में यदि कोई समस्या सामने आती हैं तो पीएचई विभाग से समन्वय कर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण कराएं। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग एवं आकिप खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि हेंडपंपों तथा नलजल योजनाओं में आवश्यकतानुसार सुधार कार्य कराएं। किसी भी ग्राम-टोला में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नियमानुसार जल परिवहन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने कहा कि हेंडपंप उत्खनन में लगाए गए प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराएं, उल्लंघन की स्थिति में वैधानिक कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी टीएल प्रकरणों को समय पर निराकृत करते हुए पोर्टल पर उनकी एंट्री सुनिश्चित करें। विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत आवास के निर्माण कार्यों को समय में पूरा कराएं। संबंधित अमला कार्यों की सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। राहत के प्रकरणों का समय सीमा में नियमानुसार निराकरण करें। उपार्जन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि खरीदी के साथ परिवहन भी जारी रखें। साथ ही किसानों के भुगतान के लिए आवश्यक कार्यवाही संपादित करें। संबंधित अधिकारी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शीघ्र ही छात्रवृत्ति का शतप्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी क्षमता से बेहतर कार्य करते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करें। न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत करें।

---

**अचानक आए आंधी तूफान से अस्त-व्यस्त हुई व्यवस्था**

*** विद्युत आपूर्ति बंद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया



कल दिन भर तेज धूप तपिश भरी गर्मी और शाम को आंधी तूफान बिजिली के साथ अंधा धुंध पानी गिरा वही कही कही ओले भी गिरे आंधी इतनी तेज थी कि विद्युत आपूर्ति बंद हो गई दुकानों के ऊपर के फ्लेक्स बोर्ड पाल परदे उड़ गए, और 6:45 के बाद आंधी तूफान पानी जो प्रारंभ हुआ लगातार जारी है अचानक आया आंधी तूफान और पानी से लोगों को पता ही नहीं चला और हवा तूफान पानी चालू हो गया। हनुमान जयंती के कारण अनेकों जगह राम धुन भंडारे की कार्यक्रम चल रहे थे ऐसे समय में पानी आना आंधी चलना पुरे कार्यक्रम को अस्त-व्यस्त कर दिया।

---

**निरीक्षण** | **कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण।**

# अनुपस्थित चिकित्सकों पर कार्यवाही करने के निर्देश

*** क्या चिकित्सकों पर होगा कोई असर?**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला





मंगलवार की शाम को कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया तथा अनुपस्थित चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग एवं आकिप खान, कार्यपालन यंत्री पीआईयू जीपी पटले, सिविल सर्जन विजय धुर्वे सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### सेवा समाप्ति का प्रस्ताव भेजने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. सिडाना ने कहा कि चिकित्सकों सहित सभी कर्मचारी निर्धारित समय पर जिला चिकित्सालय में उपस्थित रहते हुए सेवाएं प्रदान करें। अनुपस्थिति अथवा लापरवाही की स्थिति में संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने लगातार अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टर राधा चतुर्वेदी की सेवा समाप्ति का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजने तथा अनुपस्थित चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सिविल सर्जन सहित सभी स्वास्थ्य अमला अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करें। जिला चिकित्सालय के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें।

### मरीजों एवं परिजनों से लिया फीडबैक

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सिडाना ने जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों तथा उनके परिजनों से चर्चा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया। कलेक्टर ने चिकित्सक सहित अन्य स्टॉफ की उपस्थिति, दवाईयों की उपलब्धता, ब्लडबैंक एवं पेथोलॉजी सुविधा, भोजन व्यवस्था, सफाई व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। चर्चा के दौरान कलेक्टर ने मरीजों को संतुलित आहार तथा स्वच्छ पानी पीने की सलाह दी।

### सुधार एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिला चिकित्सालय के मेटरनिटी सहित विभिन्न वार्डों में किए गए रेनोवेशन कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य शेष बचे हैं उन्हें जल्द पूरा करें। वार्डों में थीम पर आधारित पेंटिंग कराएं। आईसीयू यूनिट जल्द प्रारंभ करें। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में बन रहे क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण कार्य का भी अवलोकन करते हुए कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

### विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश

जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने शिशु वार्ड तथा जनरल वार्ड के रेनोवेशन के लिए विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन वार्डों के लिए फर्श में सुधार, बिजली, रंग, शौचालय, पेयजल तथा रंगाई आदि के कार्यों को योजना में शामिल करें। प्रतीक्षालयों में परिजनों के बैठने के लिए कुर्सी की संख्या बढ़ाएं।

---

**बिछिया महाविद्यालय में मनाया गया विश्व पुस्तक दिवस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया



शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया में अंतरराष्ट्रीय पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ राजेश्वरी मरकाम के द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात महाविद्यालय के ग्रंथपाल ओम प्रकाश झारिया ने विद्यार्थियों को बताया कि इसकी शुरुआत 1995 में यूनेस्को के द्वारा 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस मनाने की घोषणा के साथ ही हुई। इसके पूर्व इटली में 23 अप्रैल को *सेंट जॉर्ज डे* की उपलक्ष्य में लोग एक दूसरे को फूल एवं पुस्तक भेंट करते थे इसी को मान्यता प्रदान करते हुए यूनेस्को ने इस दिवस का चयन किया। सन 2024 में इसके 30 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, वर्ष 2024 के लिए यूनेस्को की थीम *Read Your Way* अर्थात अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ें, जिसमें आपको आनंद आता है, ऐसी किताबें पढ़ें। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर मरकाम ने विद्यार्थियों को बौद्धिक संपदा के विषय में अवगत कराया तथा एक शोध कार्य, प्रोजेक्ट आदि में मौलिक कृति के महत्व को समझाया। अनिल कुमार पढ़ने सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने विद्यार्थियों को पुरखा,पुरस्कार एवं पुस्तक से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि पुरस्कार निश्चित समय के लिए ज्ञान देता है, पुरखा एक पीढ़ी का ज्ञान देते हैं, परंतु एक पुस्तक कई पीढियां का ज्ञान संजोए रखते हैं। अतः हमे इन तीनों पुरस्कार, पुरखा और पुस्तक का सम्मान करना चाहिए। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक दिनेश कुमार चित्रीव ने विद्यार्थियों को बताया की यदि आप पुस्तकों को अपनाते हैं, तो पुस्तक आपको एक उज्जवल भविष्य की ओर ले जाती है। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक प्राध्यापक सुखदेव सिंह वरकड़े ने किया। कार्यक्रम में डॉक्टर अशोक कुमार बघेल, डॉक्टर रेखा पटेल, सौरभ सोनी एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# राम भक्त हनुमान के प्रकटोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** राम भक्त हनुमान के प्रकटोत्सव पर मंगलवार को मुख्यालय समेत ग्रामीण अंचलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। सुबह से देर रात तक हनुमान मंदिर में भक्तों ने पूजन किया।

श्रद्धालुओं ने सुबह अभिषेक, पूजन-हवन और शाम को भंडारा का आयोजन किया। नगर में भगवान श्री हनुमान प्रकटोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय में कोतवाली परिसर स्थित हनुमान मंदिर,शंकर घाट,डेम घाट स्थित हनुमान कुटी, डीडी मार्केट, मंडला स्टैंड स्थित हनुमान टेकरी, इमली कुटी, अमरकंटक मार्ग में महावीर टोला में स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसके साथ ही जनपद शहपुरा, समनापुर, बजाग,किसलपुरी, सहित अन्य स्थानों पर भगवान हनुमान जी प्रकटोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भक्तों द्वारा किया गया।



### -शाम को विशाल शोभयात्रा का आयोजन

नगर में मंगलवार की शाम नर्मदा किनारे स्थित हनुमान मंदिर से विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यायाम शाला और जिम संचालकों ने अखाड़ों का भी प्रदर्शन किया और जमकर आतिशबाजी की गई।

### -अखंड श्रीराम कीर्तन का समापन आज

किसलपुरी ग्राम के नजदीक नर्मदा किनारे केवलारी सेवा आश्रम में चल रहे नौ दिवसीय अखंड श्रीराम कीर्तन का समापन आज होगा। श्रीश्री 108 श्री बालक दास त्यागी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्री राम कीर्तन में अलग अलग गांव की रामायण मंडली शामिल हुईं थीं।

## अमरपुर में हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर सहित आसपास के ग्रामों में सुबह से ही हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। विभिन्न मंदिरों में महाआरती, भंडारा, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ और रामचरित मानस पाठ किया गया। पुलिस चैकी अमरपुर परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में पुलिस चैकी प्रभारी अतुल हरदहा द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ की गई तथा भंडारे का वितरत भक्तजनों को किया गया। इसके अलावा बाजार चैक स्थित हनुमान मंदिर, खरमेर नदी तट किनारे स्थित हनुमान मंदिर में भी भक्तों के द्वारा विशेष पूजा पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं पर रामगढ़ स्थित हनुमान टेकरी में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 24 घंटे का श्रीराम कीर्तन का आयोजन किया गया हैं। जिसमें सभी भक्तजनों से बुधवार को आयोजित भंडारे में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील समिति के सदस्यों द्वारा किया की गई हैं।

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई जल संसाधन विभाग की बैठक

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल संसाधन विभाग की बैठक ली। उन्होंने जिले के सभी सिंचाई जल स्त्रोत, स्टॉप डेम, नहर, बडे बांधों में पानी की उपलब्धता की जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को क्षतिग्रस्त नहरों का दुरूस्तीकरण समय पर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मानसून के पूर्व डेम, नहर आदि की स्थिति का मुआयना कर समय पूर्व आवश्यक मरम्मत कार्य करें ताकि मानसून आने पर डेम की स्थिति मजबूत रहे। नहर और डेम बारिश या जल भराव की स्थिति में न टूटे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले के सूखा घोषित क्षेत्रों की समीक्षा की। ऐसे क्षेत्रों में जल संग्रहण के लिए विशेष कार्य करने को कहा है। क्षतिग्रस्त डेम और नहर आदि के सुधार कार्य में संभव होने पर नरेगा के तहत मरम्मत कार्य कराएं, पुलियों की सफाई कराएं। योजनाबद्ध तरीके से जल संरक्षण का कार्य करें। सिंचाई के लिए पानी का उपयोग सीमित ढंग से हो जिससे पानी की बर्बादी ना हो। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को पुराने कार्यों की सीसी कराने के निर्देश दिए हैं।

### जिले ने प्रदेश स्तर पर कक्षा 5वीं में चौथा व 8वीं में पांचवां स्थान किया प्राप्त

**अनूपपुर।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित कक्षा 5 वीं और 8 वीं के बोर्ड पैटर्न वार्षिक परीक्षा के नतीजे आज घोषित किए गए हैं। कक्षा 5 वीं में अनूपपुर जिले में 12 हजार 78 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 11 हजार 833 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिले का परीक्षा परिणाम 97.97 प्रतिशत रहा। कक्षा 5वीं में अनूपपुर जिले ने प्रदेष स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 8 वीं की परीक्षा में 11 हजार 248 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 10 हजार 793 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 95.95 रहा। कक्षा 8 वीं में प्रदेश स्तर पर अनूपपुर जिले ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं की परीक्षा में जिले के सभी सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना की है।

### 29 अप्रैल सोमवार को 10 जोड़ों की शादी करवायेगा उर्स कमेटी

**अनूपपुर।** जैतपुर मे 2009 से 2023 तक कुल 158 जोड़ों की शादियां कराने के बाद इस साल 29 अप्रैल सोमवार को 10 जोड़ों की शरियतो सुन्नतो के मुताबिक बड़े धूमधाम से शादियां कराई जायेगी। हर साल की तरह इस साल भी हजरत बाबा करामत शाह रहमतुल्लाह अलैह का 83वां सालाना उर्स मुबारक के मौके पर इज्तेमाई शादियों का इंतजाम किया गया है। हर जोड़ों को घरेलू जरूरत का सामान भी दिया जाता है और आने वाले मेहमानों के खाने का भी इंतजाम कमेटी के जानिब से किया गया है। लेहाजा बमदाद करामत युवा उर्स कमेटी जैतपुर के अध्यक्ष मोहम्मद रईस खान, कार्यवाहक अध्यक्ष सफीक कादरी, डॉ अनीश अहमद तथा सेक्रेटरी चांद खान नियाजी ने गुजारिश की है कि उर्स मुबारक के मौके में शरीक होकर फैजेयाब हो व दूल्हा-दुल्हनों को अपनी दुआओं से नवाजें। इस मौके पर शायरे इस्लाम हजरत शब्बीर बरकाती साहब किबला इन्टरनेशनल शायर नात खां 29 अप्रैल सोमवार को रात 9 बजे से प्रोग्राम करेंगे वही 30 अप्रैल को कव्वाली का शानदार मुकाबला हिन्दुस्तान के मशहूर कव्वाल अनीस नवाब अहमदाबाद गुजरात व हिन्दुस्तान की मशहूर कव्वाला गीता चिश्ती कब्बाला गया बिहार के मध्य होगा।

### हनुमान जयंती पर बांधा मंदिर में महाआरती

**कटनी।** 23 अप्रैल मंगलवार स्नानदान पूर्णिमा में अंजनिसुत भगवान हनुमान जी के प्रकटोत्तसव के सुअवसर पर श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम में प्रातःकाल हनुमान जी का चोलाभिषेक एवम भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया।



## कलेक्टर ने की नरेगा के कार्यों की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नरेगा के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में संचालित नरेगा के सम्पूर्ण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य की गुणवत्ता, फील्ड विजिट, मजदूरी भुगतान, मरम्मत कार्य, लंबित कार्य, मेढ़ बंधान की स्थिति, नर्मदा तट पर, गुठली आंदोलन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं।कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने अधिकारियों को जिले में संचालित नरेगा के कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पैनॉल्टी क्रॉस, रिर्वाड थ्यौरी पर कार्य करने को कहा है। बैगा बस्तियों में होने वाले पलायन को रोकने के लिए आवश्यक कार्यों को करें।बहते हुए पानी को रोकने के लिए नीतिगत कार्य करते हुए समाधान निकालें। तालाबों में मरम्मत कार्य कराकर बारिश में होने वाले संभावित नुकसानों के लिए पूर्व योजना बनाएं। आगामी खरीफ की बुवाई से पूर्व आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर लें तथा जनपद स्तरों पर बैठकों का आयोजन कर सुनियोजित योजनाएं बनाएं। तथा श्रमिकों के लिए उपयुक्त प्रोटोकॉल का उपयोग कर कार्यों को पूर्ण करें। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने विभाग के संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। और समस्त प्रचलित कार्यों पर प्राथमिकता से कार्य कर लंबित कार्यों का निपटान अतिशीघ्र सुनिश्चित करें।

## लगातार काटे जा रहे रोड़ किनारे लगे पेड़, ग्रामीणों ने लगाया आरोप, सरपंच ने कहा जांच कराएंगे





### अमरकंटक-जबलपुर हाईवे में लगे पेड़ को लगातार काट रहे हैं ग्रामीण, हाईकोर्ट को संज्ञान लेने की आवश्यकता

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित डिंडोरी जिले को डेवलपमेंट और सुविधाओं के चलते सरकार और महकमे की नजर लग गई है। रोड़ डेवलपमेंट के नाम पर वर्षों पुराने पेड़ों को लगातार उजाड़ा जा रहा है वहीं दूसरी ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण का हवाला देते हुए वृक्ष संरक्षण के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। जबलपुर अमरकंटक नेशनल हाईवे 45ई में डिंडोरी जिले में तत्कालीन कलेक्टर और प्रशासन की दूर दृष्टि के चलते सड़क के किनारे पौधे रोपे गए थे जो अब मनमोहक लग रहे हैं पर सड़क विस्तार के नाम सड़क किनारे लगे पेड़ को ठेकेदार के कहने पर जबरन काटा जा रहा है मनमानी तौर पर पौधों को ग्रामीणों के द्वारा काटा जा रहा है। जिसकी जमीन के सामने सड़क किनारे वृक्षारोपण हुआ था वे ही पेड़ काट रहे हैं और ठेकेदार के बोलने पर काटने की सफाई दे रहे हैं। हम बात कर रहे हैं जनपद पंचायत करंजिया मुख्यालय की जहां करंजिया में सड़क किनारे लगे बबूल, कांजी, नीम और नीलगिरी के वृक्ष को काटा गया है जिनकी संख्या लगभग 40 नग है। इस तरह के जीवांत पेड़ों को काटने के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों की प्रतिस्पर्धा चल रही है जिसमें सड़क के किनारे लगी जमीन का मालिक उन पेड़ों पर अपना हक जता रहे हैं तथा गोरखपुर से लेकर करंजिया तक जबलपुर अमरकंटक हाइवे पर लगे सैकड़ों कंजे के पौधे अकारण ही काटा जा रहा है। जानकारी के लिए बता दें कि ये पौधे सड़क किनारे शासकीय भूमि पर वर्षों पहले लगाया गया था जिस पर अब लोग जबरन मालिकाना हक जताते हुए वृक्षों को काटकर अपने घरों के उपयोग के लिए रखा जा रहा है। सैकड़ों की संख्या में वृक्षों की क्षतिपूर्ति डेवलपमेंट के नाम पर लगातार काटा जा रहा है जबकि वृक्ष के संरक्षक के लिए कोई भी संस्था या विद्वान आगे नहीं आ रहे हैं। देखना यह है कि पर्यावरण को ताक में रखकर हो रहे डेवलपमेंट को विभागीय अमला और राजनैतिक दल तथा सरकार किस तरह की योजना तैयार कर वृक्ष का संरक्षण करती है।

### इनका कहना है............

हमारे गांव के कैलाश साहू के द्वारा रोड़ किनारे लगे 40 पेड़ को जबरन काटा जा रहा है जिसका ग्राम वासियों ने विरोध किया गया है जल्द ही तहसीलदार को आवेदन देंगे -
**ग्रामीण**

ठेकेदार के कहने पर हमने पेड़ काटे हैं हमारी जमीन के सामने सड़क किनारे पेड़ लगे थे इसलिए इस हमारा अधिकार तो है। -
**कैलाश साहू, ग्रामीण**

आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है जल्द कार्यवाही के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देंगे - **सरपंच ग्राम पंचायत करंजिया**

लगातार वृक्षका काटा जाना संकट का विषय है जल की समस्या भी लगातार वृक्षों के कटने से हो रहा है
**- अरविंद बाब, संरक्षक,जंगल बचाओ**

## पशुपालन विभाग, नगर पालिका एवं एनयूएलएम की संयुक्त बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर श्री विकास मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पशुपालन विभाग, नगर पालिका एवं एनआरएलएम की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ. एच.पी. शुक्ला, उपसंचालक पशुपालन विभाग, डॉ. अभिनव शुक्ला सहायक संचालक पशुपालन विभाग, सुश्री संगीता सोनी जिला समन्वयक, श्रीमती श्वेता तिवारी एनयूएलएम आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने पशुपालन विभाग को निरीह एवं निराश्रित समस्त प्रकार पशुओं को भीषण गर्मी एवं धूप से बचाव हेतु प्राकृतिक स्त्रोंतो से छाया उपलब्ध कराने एवं यदि किसी छायादार वृक्ष या किसी मकान के छाया के नीचे विश्रामरत हो तो उन्हें अनावश्यक रूप से प्रताडित कर उन्हें वहां से विस्थापित न करने हेतु निदेश दिये, गौ संरक्षण के लिए घनी बस्ती वाले गांव में बायोगैस के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिनमें से जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगांव, जनपद पंचायत मेंहदवानी अंतर्गत ग्राम पंचायत कनेरी, जनपद पंचायत करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहत्तरा, जनपद पंचायत समनापुर ग्राम पंचायत गौराकन्हारी आदि ग्राम तथा जिले के बैगा बाहुल्य आबादी वाले ग्रामों कोसमडीह जनपद पंचायत बजाग, भानपुर जनपद पंचायत अमरपुर के क्षेत्रों में गौ-संरक्षण के लिए बायोगैस के माध्यम से कार्य करने के लिए निर्देशित किए। गर्मी के दिनों में धूप, डिहाइड्रेशन एवं प्यास से पशुओं को बचाने हेतु जीवित नाले झरने पर बोरी बंधान के माध्यम से सुंदर प्राकृतिक जल स्त्रोंतो पर पशुओं हेतु जल की निरंतर उपलब्धता हेतु आवश्यक निर्देश दिये। गर्मी या धूप से पशुओं में होने वाले दुष्परिणामों के लक्षण होने पर तत्काल पशु चिकित्सा उपलब्ध कराएं। जिले में पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य कर रहे अशासकीय संस्था वाटरएड के द्वारा चिन्हित ग्रामों में साथ मिलकर कार्य करने के निर्देशित किया है। गांवों में पूर्व निर्मित शौंचालयों के सुधार कार्य को पूर्ण कराने और बैगा बाहुल्य क्षेत्रों में नीतिगत रूप से स्वच्छता के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं।

जनपद पंचायत करंजिया के ग्राम भूसन्डा व लखनपुर, समनापुर के ग्राम ददराटोला, अमरपुर के ग्राम कोको, बजाग के ग्राम चांडा एवं शहपुरा के ग्राम कारीगढाही व चाटी में स्वच्छता के लिए सर्वश्रेष्ठ जनपद को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता के लिए सभी घटकों को आधार मानकर ग्राम पंचायत का चयन होगा।

विकासखंड शहपुरा का मानिकपुर, समनापुर का समनापुर, डिण्डौरी का विक्रमपुर व कसईसोढ़ा, बजाग का बजाग रैयत एवं माल, अमरपुर का अमरपुर, करंजिया का मोहत्तरा, मेंहदवानी का मेंहदवानी ग्रामों में गोबर से खाद बनाने पर कार्य किया जाएगा।


ब्राउन रिवोल्यूशन अंतर्गत गाय के गोबर से खिलौने एवं रंग पेन्ट का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु देवलापार (नागपुर) संस्थान प्रशिक्षण दल को भेजने हेतु डॉ. अभिनव शुक्ला, सहायक संचालक को निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने विभागों को उनके प्रचलित और लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शहपुरा में पदस्थ बीएमओ डॉ सत्येंद्र परस्ते को हटाने की मांग

### डॉक्टर परस्ते को आखिर किसका मिल रहा संरक्षण?

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में पदस्थ बीएमओ डॉक्टर सत्येंद्र परस्ते को हटाने की मांग को लेकर बहुजन समाज पार्टी डिंडोरी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद असगर सिद्दीकी ने कलेक्टर विकास मिश्रा को मंगलवार को ज्ञापन सोपा है बसपा जिला अध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि दिनांक 22ध04ध2024 को एक गर्भवती महिला को भर्ती कराया गया था जिसमे स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने खून के कमी के कराण उन्हें जबलपुर रिफर कर दिया और रास्ते में उस महिला ने दम तोड़ दिया दो जिन्दगी एक साथ समाप्त हो गया जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में खून की व्यवस्था कराने की जिम्मेदारी बी०एम०ओ० की होती है। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सभी व्यवस्था होनी चाहीए इस घटना से प्रशासनिक दावों की कलई तो खुलती है साथ ही सरकार के द्वारा लाखों-करोड़ों रू प्रतिमाह इन स्वास्थ्य केन्द्रों पर खर्च किये जाते हैं लेकिन जब इन अस्पतालों से इलाज की बात की जाती है तो नतीजा ढाक के तीन पात से अधिक कुछ नहीं होता। ऐसे अनेक कितने शिकायत हो चुके हैं पर जिला प्रशासन द्वारा उचित कार्यवाही न करना जिससे यह साबित होता है कि यह विवादित बी०एम०ओ० अपनी पहुंच रखता है जिसके कारण जिले से कार्यवाही होना अतिआवश्यक है। बसपा जिलाध्यक्ष ने मांग की है कि उक्त घटना की टीम बनाकर जांच कर दोषियों के ऊपर तत्काल कार्यवाही कर बीएमओ डॉक्टर सत्येंद्र परस्ते को शहपुरा से कहीं और स्थानांतरित किया जाना चाहिए ताकि वहां बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके।




### पिछले कुछ दिनों पहले भी ग्रामीणों ने दिया था एसडीएम को ज्ञापन

आपको बता दें कि डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर में सरकारी अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर सतेंद्र परस्ते की कार्य प्रणाली से तंग आकर कुछ ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय शहपुरा पहूंच एसडीएम अनुराग सिंह को ज्ञापन सौंपकर डॉक्टर को हटाने के मांग किए थे, पर अभी तक डॉक्टर पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

**खबर संक्षेप**

### ईशान एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नियुक्त



**नरसिंहपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एन एस यू आई में छात्र नेता ईशान राय को संगठन का नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के प्रदेशध्यक्ष आशुतोष चौकसे के अनुमोदन पर श्री राय को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, म. प्र. की जिला इकाई नरसिंहपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### नही रही श्रीमति प्रभावती नेमा, अंत्येष्टि आज



**नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर के प्रतिष्ठित भोले मोदी परिवार की बयोवृद्ध माताजी श्रीमति प्रभावती नेमा पत्नि स्व.श्री हरसेवक नेमा का अस्वथ्यता के चलते निधन हो गया। आप स्व. डॉ. कृष्ण सेवक नेमा, एडव्होकेट (नानू भाई) की भाभी तथा डॉ. पराग नेमा की बड़ी मां थी। अंत्येष्टि आज 24 अप्रैल को स्थानीय नकटुआ मुक्तिधाम में होगी।


### महिला ने लगाई फांसी

**नरसिंहपुर।** गत दिवस महिला द्वारा अपने ही घर पर ही अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली गई। पुलिस ने बताया कि ज्योति पति रमेश ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी महंगवा खापा पुलिस चौकी निवारी थाना कोतवाली द्वारा अपने ही घर पर फांसी लगा ली गई जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर एवं नायब तहसीदार द्वारा ब्यान दर्ज कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### जहरीली वस्तु के सेवन से प्रौढ़ की मौत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रौढ़ ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। पुलिस ने बताया कि कमलेश पिता बालमुकुन्द शर्मा उम्र 48 वर्ष निवासी बम्हनी थाना सुआतला द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनाम तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### पक्षियों के लिये लगाये सकोरे



**नरसिंहपुर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई मीडिया प्रभारी और स्वयंसेविका श्रुति गुप्ता द्वारा अपने आस - पास के बच्चों के साथ मिलकर इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था के लिए पानी के सकोरे लगाये। बच्चों ने पक्षियों के लिए सकोरे टांगे जिसमें शिवी, समर्थ, वंशिका, मयूरी व अनन्या शामिल रही।

### कलेक्टर व एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार जिले में मतदान का दूसरा चरण 26 अप्रैल को तीन विधानसभा क्षेत्रों में शत- प्रतिशत मतदान के साथ सुचारू, सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान संपन्न हो सके। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों का सतत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। इसी दौरान होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 119- नरसिंहपुर के मतदान केंद्र सरसला, चिनकी, उमरिया, केरपानी ग्रामों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा किया गया।

# वोट देते समय सुदर्शन चक्र की तरह करो अंगुली का उपयोग

## सीएम मोहन यादव ने किया आमसभा को संबोधित

मंगलवार को जिला मुख्यालय मे आयोजित आम सभा को संबोधित करते हुये विपक्ष पर जमकर प्रहार किया।





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

उन्होने कहा कि जिस तरह शिशुपाल की सौंवी गलती पर भगवान कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से उसका मस्तक काटा था, उसी तरह नरसिंहपुरवासी भी अपनी अंगुली को सुदर्शन चक्र मानकर, उसी अंगुली से कांग्रेस और देश विरोधियों के मंसूबों पर वार करना है। सीएम मोहन यादव ने यह बात नरसिंहपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। वे मंगलवार को नर्मदापुरम लोकसभा प्रत्याशी दर्शन सिंह के पक्ष में प्रचार करने आज नरसिंहपुर पहुंचे थे। तय समय 11 बजे से डेढ़ घंटे देरी से उनका हेलीकाप्टर नरसिंहपुर में उतरा। हैलीपैड पर ग्रामीण एवं पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने उनकी आगवानी की। सभा स्थल पर मौजूद भाजपा के आला नेताओं ने उनका स्वागत किया।

### देश को लूटने वालों का करो संहार

आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सबसे पहले जनता को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दी और फिर वे अयोध्या में बने राम मंदिर पर बोलते हुए कांग्रेस पर उन्होने जमकर निशाना साधते हुए कहा, कि इन बेशर्म लोगों ने हमारे अराध्यदेव भगवान श्रीराम के मंदिर को ही नकार दिया। मामला कोर्ट में जबरदस्ती खींचा यह जानते हुए भी कि यह देश के करोड़ों हिंदुओं की आस्था का प्रश्न है। देश को लूटने वालो का संहार करो। नरसिंहपुर में बोले सीएम मोहन यादव- वोट देते समय सुदर्शन चक्र की तरह करो अंगुली का उपयोग, देश लूटने वालों का करो संहार नरसिंहपुर में बोले सीएम मोहन यादव- वोट देते समय सुदर्शन चक्र की तरह करो अंगुली का उपयोग करो।

### विपक्ष पर साधा निशाना

उन्होंने कहा, कि जिनकी बुद्धि कमजोर है, वे ही रामचंद्र जी के अस्तित्व को लेकर प्रश्न खड़ा करते हैं। सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर चर्चा करते हुए कहा, कि उन्होंने चुनावी घोषणा पत्र में निर्धन और वंचितों को काला धन देने की बात कही है। जबकि इनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है, ये जब सत्ता पर काबिज रहे तब कहा करते थे, कि हिंदुस्तान के संसाधनों में सबसे पहले मुसलमानों का है। ये बयान जब देश के करोड़ों हिंदू सुनते थे तो वे ये सोचने पर मजबूर हो जाते थे, कि ये देश हमारा होने के बावजूद भी इस पर हिंदुओं का कोई अधिकार नहीं है। सीएम ने कहा, कि देश की सीमा के बाहर जब भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक की, तब भी इन्होने उस सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे। कांग्रेस ने सेना के शौर्य और पराक्रम का अपमान किया है।

### सभी वर्गो का हो रहा है विकास

वहीं उनके नेता आतंकवादियों को जी और साहब कहकर बुलाते हैं। उन्होने कहा, कि जो काम देश में 55 सालों तक राज करने वाली कांग्रेस ने नहीं किया वह काम मात्र दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। भाजपा ने सभी वर्गो के उत्थान के लिए काम किया है। वही सभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा, कि देश में 55 वर्ष तक राज करने वाली कांग्रेस ने जो कार्य नहीं किया, वह 10 साल में नरेंद्र मोदी ने कर दिया है। उन्होंने कहा, कि नरसिंहपुर की धरती क्रांतिकारियों की धरती है, परिवर्तनकारी धरती है, जिसे कोई भी डिगा नहीं सका है। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला प्रभारी अनीता छपरा, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति निलेश काकोड़यि, राव महेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा प्रभारी हरिप्रताप ममार, जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा ,निशा सोनी, विवेक महाजन, लालसाहब जाट, राव महेन्द्र सिंह, रामस्नेही पाठक, अभिषेक नेमा, सुनील प्रजापति, राजेन्द्र पटेल सहित सभी मण्डल अध्यक्ष और पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अंजनी पुत्र महाबलदायी, संतन के प्रभु सदा सहाई

## हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया







हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

अंजनी पुत्र, वीर बजरंगी, भक्त शिरोमणि श्री हनुमान जी महाराज की जन्मोत्सव नगर व आसपास के क्षेत्रों में आस्था, श्रृद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः से ही धार्मिक स्थलो और श्री हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में भगवान के दर्शन, हनुमान चालीसा, सुंदरकाण्ड पाठ, चोलावंदन, अभिषेक, आरती, हवन पूजन के साथ दिन भर भंडारा व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रृद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर भगवान का गुणानुवाद किया। मंदिरों में जन्मोत्सव पर श्री हनुमान जी महाराज के जयकारो की अनुगूंज दिन भर सुनाई दी वहीं नगर में इस अवसर पर जलूस भी निकाला गया। जलूस का स्वागत जगह-जगह पर किया गया जुलूस में शामिल लोगो का उत्साह और हनुमान जी महाराज के जय के नारो का उद्घोष वातावरण में श्रृद्धालुओं को अतिरेक उत्साह दे रहा था जिससे वातावरण और धर्ममय हो गया। जिसमें बडी संख्या में लोगों ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। नगर के गुदरी स्थित हनुमान मंदिर,कृष्ण वराममंदिर,बाबाघाट, कृष्णा वार्ड में पंचमुखी हनुमान मंदिर,गया दत्त वार्ड में राममंदिर स्थित हनुमान मंदिर, स्टेशन थाना हनुमान मंदिर,सिंधी कालोनी पंचमुखी हनुमान मंदिर, गयावार्ड स्थित राममंदिर में स्थित हनुमान मंदिर,रौंसरा हनुमान मंदिर,सिद्ध के झिरना हनुमान मंदिर,बरगी रेल्वे फाटक हनुमान मंदिर,चरहाई हनुमान मंदिर,इंद्रा वार्ड में हनुमान मंदिर,नगरपालिका चौरहा हनुमान मंदिर,सिविल कोर्ट,तहसील परिसर,सिंचाई कालोनी,थाना प्रागंण स्थित,पीडब्लूडी, पीएचई कार्यालय, वनविभाग,अनगढ़ मंदिर,बड़ेपूल के पास,नृसिंह वार्ड स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर,न्रसिंह मंदिर,झिरना स्थित,सदर मढिया,जरजोला रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर जी में जयंती दिवस पर दिनभर श्रृद्धालुओं की भीड़ रही। सायं भंडारा की समाप्ति के उपरांत महाआरती की गई जिसमें अंजनी पुत्र हनुमान जी महाराज की महाआरती से सभी जगह जन्मोत्सव दिवस का समापन किया गया।

### शोभायात्रा निकाली गई

श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व पर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुये श्री हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत और आरती की गई। बडी संख्या में लोगो के साथ झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। वही मंदिरों मे दिन भर भंडारें प्रसादी वितरण कार्यक्रम चलता रहा।



# सेक्टर ऑफिसर की बैठक सम्पन्न

नरसिंहपुर।

लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सेक्टर अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में हुई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने सेक्टर अधिकारियों को अपने- अपने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया। मतदान दिवस 26 अप्रैल तक स्थानीय कर्मचारियों की स्वीप टीम द्वारा घर- घर संपर्क कर साथ ही जिन परिवार में विवाह कार्यक्रम हैं, वहां स्थानीय कर्मचारियों, बूथ अवेयरनेस ग्रुप टीम की सहायता से मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करना। मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए टेंट, शीतल पेयजल, शौचालय, कूलर, पंखे आदि की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।



# जयकारों के साथ की फूलों की वर्षा मातारानी का भव्य स्वागत

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस सदर मढिया से निकाली गई सामूहिक जवारे शोभायात्रा में मां जगत जननी ,जवारे एवं श्रद्धालुओं के स्वागत में मां दुर्गा मंडल महिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति तिवारी गायत्री परिवार की जिला समन्वयक एवं श्रीमती मंजू श्रीवास्तव एवं लीनेस क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा तिवारी एवं श्रीमती भारती कौरव ने माता जी का श्रद्धापूर्वक पूजन किया एवं श्रीमती रचना वर्मा, श्रीमती संगीता झरिया ,श्रीमती सविता सिसोदिया, श्रीमती मनीषा पाठक ने अपने सर पर कलश रख कर एवं श्रीमती ओम बती मालवीय ने झंडा लेकर मात्र शक्तियों के साथ माताजी का स्वागत किया एवं माताजी, जवारे एवं सभी श्रद्धालुओं श्रीमती पर फूलों की वर्षा की और श्रद्धालुओं को टाफी एवं फल वितरित किए , सभी मातृ शक्तियों द्वारा मां जगत जननी से जन कल्याण के लिए आशीर्वाद की कामना की श्रीमती सरोज शर्मा किरण नेमा ज्योति पचौरी तुलसा पटेल रचना त्रिवेदी मनीष पुरोहित सपना दुबे नमिता कौरव राधा अर्चना त्रिपाठी श्याम सोनी कुसुम सुमन शर्मा मनीष टंडन राजपूत आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रदेश की प्रावीण्य सूची में रहा जिला

# 98 प्रतिशत से अधिक रहा 5 वीं एवं 8 वीं का परीक्षा परिणाम



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा कक्षा पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम विभाग के पोर्टल पर निर्धारित लिंक द्वारा जारी किया गया। सत्र 2022- 23 के वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा परिणाम में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जिले ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रदेश स्तर पर कक्षा पांचवी एवं आठवीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवी में जिले का परीक्षा परिणाम दर्ज 16 हजार 797 में से 16 हजार 582 उत्तीर्ण होकर 98.72 प्रतिशत के साथ अव्वल रहा। जिसमें 50.14 प्रतिशत छात्र- छात्राएं ए, ए+ में उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा आठवीं में जिले का परीक्षा परिणाम दर्ज 17 हजार 201 में से 16 हजार 918 उत्तीर्ण होकर 98.35 प्रतिशत के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। जिसमे 54.96 प्रतिशत बच्चे ए, ए+ में उत्तीर्ण हुए। प्रदेश की प्रावीण्य सूची में पांचवी एवं आठवीं में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक द्वारा जिला शिक्षा केंद्र पर मां सरस्वती जी की पूजा अर्चन कर प्रसाद वितरण किया गया। शिक्षा विभाग की टीम एवं छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. एसके पाल सहित कार्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति रही।

# अधिवक्ताओं ने सहज उपलब्ध मुख्यमंत्री के काफिले को रोककर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस म.प्र.के सहज उपलब्ध मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का नगर प्रवास के दौरान अधिवक्ताओं ने रोड पर खड़े होकर सहज निवेदन कर अपनी समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिला अधिवक्ता संघ ने मांग की है कि शासन द्वारा तहसील करेली में सिविल न्यायालय को प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया। उक्त न्यायालय को नहीं खोले जाने की मांग की है इस संदर्भ में अवगत कराया है कि जिला न्यायालय में वर्तमान में सोलह न्यायालय कार्यरत है जिनमें प्रकरणों की संख्या बेहद कम होती जा रही है तथा उक्त न्यायालयों के क्षेत्राधिकार में थाना कोतवाली नरसिंहपुर,थाना स्टेशन गंज सम्पूर्ण तथा थाना करेली व थाना सुआतला का आधा थाना क्षेत्र एवं थाना मुंगवानी व थाना ठेमी क्षेत्र का 1/4 हिस्से के ही प्रकरण प्रस्तुत हो रहे हैं। जिससे न्यायालयों बेहद कम संख्या में प्रकरण विचार हेतु लंबित है यदि सिविल न्यायालय करेली खुलती है तो तहसील करेली की सीमा जिला न्यायालय से मात्र दो किलो मीटर दूर ग्राम खेरी, ग्राम कपूरी, ग्राम रामपिपरिया, देवाकछार आदि ग्राम के लोग 15 किलो मीटर दूर तहसील करेली न्यायालय में न्याय प्राप्त करने पहुंचेगे। जबकि उक्त ग्राम जिला न्यायालय से दो किलोमीटर दूर स्थित है। जिला न्यायालय से तहसील करेली मुख्यालय कुल 12 किलोमीटर दूर है थाना नरसिंहपुर की सीमा से मात्र 6 किलो मीटर दूर है तहसील करेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है आवागमन के साधन सहज उपलब्ध है यदि शासन सिविल न्यायालय खोलती है तो नया न्यायालय भवन, नये न्यायाधीश निवास, नये अधिवक्ता कक्ष, व पक्षकारों को सुविधा उपलब्ध कराने हेतु करोड़ों रुपए शासन के खर्च होगें।